GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:07.06.2022**

# AAJ SAMAJ

# वालंटियर्स ने शरबत सेवा का आयोजन किया

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के एनएसएस प्रकोष्ठ द्वारा जरूरतमंद छात्रों की शिक्षा के लिए काम करने वाले गैर सरकारी



संगठन ह्यनन्ही उड़ानह्ण के साथ मिलकर गर्मी के मौसम में आम जनता को राहत प्रदान करने के लिए शरबत सेवा का आयोजन किया। एनएसएस वालंटियर्स ने विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार के सामने एक स्टाल लगाया और लोगों को मुफ्त शरबत सेवा दी। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी, एनवाईकेएस फरीदाबाद रविन्द्र मोहन, नन्ही उड़ान फरीदाबाद की अध्यक्ष शगुन शर्मा और जेसी बोस विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर डॉ शेफाली त्रिवेदी ने भी वालंटियर्स को सहयोग दिया। कुलपति प्रो. एसके तोमर ने स्टूडेंट वालंटियर्स द्वारा किये जा रहे नेक प्रयासों के लिए उनकी सराहना की है। यह आयोजन एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रदीप डिमारी एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उमेश कुमार की देखरेख में किया गया।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING:07.06.2022**

# PUNJAB KESARI

## एनएसएस वालंटियर्स ने लोगों को बांटा शरबत



**फरीदाबाद,** (पंजाब केसरी): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के एनएसएस प्रकोष्ठ द्वारा जरूरतमंद छात्रों की शिक्षा के लिए काम करने वाले गैर सरकारी संगठन 'नन्ही उड़ान' के साथ मिलकर गर्मी के मौसम में आम जनता को राहत प्रदान करने के लिए शरबत सेवा का आयोजन किया। एनएसएस वालंटियर्स ने विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार के सामने एक स्टाल लगाया और लोगों को मुफ्त शरबत सेवा दी। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी, एनवाईकेएस फरीदाबाद श्री रविन्द्र मोहन, नन्ही उड़ान फरीदाबाद की अध्यक्ष शगुन शर्मा और जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर डॉ शेफाली त्रिवेदी ने भी वालंटियर्स को सहयोग दिया।

**NEWS CLIPPING:07.06.2022**

# PIONEER

## एनएसएस वॉलंटियर्स ने शरबत वितरित किया

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद के एनएसएस प्रकोष्ठ द्वारा जरूरतमंद छात्रों की शिक्षा के लिए काम करने वाले गैर सरकारी संगठन 'नन्ही उड़ान' के साथ मिलकर गर्मी के मौसम में आम जनता को राहत प्रदान करने के लिए शरबत सेवा का आयोजन किया। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी, एनवाईकेएस फरीदाबाद रविन्द्र मोहन, नन्ही उड़ान फरीदाबाद की अध्यक्ष शगुन शर्मा और जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर डॉ शेफाली त्रिवेदी ने भी वालंटियर्स को सहयोग दिया। कुलपति प्रो. एसके तोमर ने स्टूडेंट वालंटियर्स द्वारा किये जा रहे नेक प्रयासों के लिए उनकी सराहना की है। यह आयोजन एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रदीप डिमारी एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उमेश कुमार की देखरेख में किया गया।

**NEWS CLIPPING:07.06.2022**

# REPCO NEWS

# कंप्यूटर विजन एंड इमेज प्रोसैसिंग पर पांच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम सम्पन्न



फरीदाबाद, 6 जून (रैपको न्यूज़)। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा %कंप्यूटर विजन एवं इमेज प्रोसेसिंग% पर आयोजित पांच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम यहां संपन्न हो गया।कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के 45 शिक्षकों और शोधार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को एआईसीटीई द्वारा प्रायोजित किया गया था।इस अवसर पर इंफोर्मेटिक्स एवं कम्प्यूटिंग संकाय के डीन प्रो. कोमल कुमार भाटिया और विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा भी उपस्थित थे।कुलपति प्रो. एसके तोमर ने शिक्षकों के कौशल विकास के लिए कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए विभाग को बधाई दी और कहा कि ये प्रौद्योगिकियां भविष्य हैं और शोधकर्ताओं को ऐसी प्रौद्योगिकियों की जानकारी आवश्यक है।सत्र को प्रो. सी.के. नागपाल और प्रो. संदीप ग्रोवर ने भी संबोधित किया।प्रो. नागपाल ने कहा कि प्रत्येक शिक्षक को जरूरत के अनुसार अपने कौशल को बढ़ाना चाहिए, क्योंकि एआईसीटीई भी इस पहल का समर्थन कर रहा है।डीन इंस्टीट्यूशन प्रो. संदीप ग्रोवर ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम मौजूदा समय में प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि कुलपति प्रो तोमर के मार्गदर्शन में भविष्य में भी विश्वविद्यालय इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करेगा।समापन सत्र में प्रतिभागियों ने कार्यक्रम पर अपनी प्रतिक्रिया साझा की।इससे पहले, डॉ सोनाली गुप्ता ने अतिथि और प्रतिभागियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम की रिपोर्ट डॉ पारुल तोमर ने प्रस्तुत की।कार्यक्रम के अंत में समन्वयक डॉ. पायल गुलाटी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गये।